# रेल कर्मचारियों के हितो की रक्षा के लिए करेंगे संघर्ष : मुकेश गालव महामंत्री




यूनिफाइड स्कीम पैंशन योजना को लेकर चचा करते रेल कर्मचारी यूनियन पदाधिकारी व कर्मचारी।

**गंगापुर सिटी ।** ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के सहायक महामंत्री एवं बेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के महामंत्री कामरेड मुकेश गालव ने बुधवार को केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में जारी यूनिफाइड पेंशन स्कीम के विषय में रेल कर्मियों से चर्चा करते हुए कहा कि यूनियन के नेता अभी यूनिफाइड पेंशन स्कीम के नोटिफिकेशन का इंतजार कर रहे हैं उसके बाद आगे की रणनीति तैयार की जाएगी।

लेकिन हमारा स्पष्ट कहना है कि यदि इस स्कीम के तहत हमारे कर्मचारियों को लाभ मिलता है एवं उनका भविष्य सुरक्षित रहता है तो हम इसका स्वागत करेंगे यदि इस योजना के कारण हमारे कर्मचारियों के हितों पर कुठाराघात होता है तो ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन एवं वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन आंदोलन करने को तैयार है।

यूनियन कार्यालय में नई पेंशन स्कीम, पुरानी पेंशन स्कीम एवं यूनिफाइड पेंशन स्कीम पर चर्चा करने के लिए यूनीयन द्वारा आयोजित खुला संवाद कार्यक्रम में उपस्थित सैकडो रेल कर्मचारीओ को यूनियन के महामंत्री मुकेश गालव, मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन, हरिप्रसाद मीणा सहायक मंडल मंत्री, श्रीप्रकाश शर्मा, राजू लाल गुर्जर ने संबोधित किया। गालव ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम के बारे में केंद्र सरकार द्वारा अभी तक दी गई जानकारी के बारे में रेल कर्मचारियों से चर्चा की।

महामंत्री मुकेश गालव ने कहा कि नोटिफिकेशन निकलने से पहले आगामी रणनीति के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कहा जा सकता। लेकिन ऑल इंडिया रेलवे में फेडरेशन का मानना है कि यदि इस योजना के कारण हमारे कर्मचारियों को नुकसान होता है तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हम इसके लिए हर संभव आंदोलन करेंगे।

इस अवसर पर लोको शाखा के सचिव राजेश चाहर यातायात शाखा के अध्यक्ष शशि शर्मा इंजीनियरिंग शाखा के अध्यक्ष हरकेश मीणा केरीज शाखा के कार्यकारी अध्यक्ष शरीफ मोहम्मद ऋषि पाल सिंह सोमेंद्र सिंह बाबूलाल योगी महाराज सिंह नदीम मोहम्मद विकास चतुर्वेदी प्रेमराज मीना सुनील शर्मा जितेंद्र गुर्जर नेमजी मीना गणेश पाल मीणा अशोक कुमार मनोज कुमार अशोक कुमार गुप्ता भरोसी लाल अमर सिंह गुर्जर दशरथ सिंह ऋतुराज सिंह शहवाज अख्तर रामविलास मीणा कमलेश मीणा सुधीर गुप्ता जुनैद खान कैलाश योगी हरि मोहन गुर्जर राजकुमार कोयला देवी सिंह मीणा विष्णु शर्मा सहित सैकडो की संख्या में रेल कर्मचारी एवं यूनियन पदाधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत में यूनियन कार्यकर्ताओं ने अपने नेताओं का माला पहनाकर एवं साफा बंधवाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर रेल कर्मचारियों ने बंदे भारत नई ट्रेन का वर्किंग गंगापुर द्वारा ही करवाऐ जाने के बारे में चर्चा की एवं आगरा डिवीजन द्वारा गत दिनों इसके संचालन में व्यवधान उत्पन्न किए जाने पर आक्रोश व्यक्त किया।

इस बारे में कामरेड मुकेश गालव महामंत्री वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यूनियन ने महाप्रबंधक एवं मंडल रेल प्रबंधक को कह दिया है कि इसका वर्किंग कोटा मंडल के गंगापुर मुख्यालय का है रेल प्रशासन इसके बारे में निर्णय कर चुका है इसे यथावत रखा जाना चाहिए।

गालव ने कहा कि यूनियन द्वारा इस बारे में रेल प्रशासन को ज्ञापन भी दिया गया।

## हिण्डौन के नाले में मिला युवक का शव

**हिण्डौन सिटी।** हिण्डौन के खारी नाले में बुधवार को युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को नाले से बाहर निकलवाया। जिसके बाद हिण्डौन के जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। लेकिन बताया जा रहा है कि युवक शराब पीकर नाले में गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हिण्डौन के चौबे पाड़ा पुलिया के पास नाले में शव पड़ा हुआ दिखाई दिया। सूचना पर डीएसपी गिरधर सिंह सहित कोतवाली थाना पुलिस व नगर परिषद की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद युवक के शव को नाले से बाहर निकलवाया। इसके पश्चात युवक की शिनाख्त जितेंद्र पुत्र मुरारी जाटव निवासी जाटव बस्ती हिण्डौन के रूप में हुई। पुलिस ने एंबुलेंस से मृतक के शव को हिण्डौन के जिला अस्पताल कि मोर्चेरी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मौत के कारणों का खुलासा अभी नहीं हुआ है। लेकिन प्रथम दृष्टया बताया जा रहा है कि युवक पिछले दो दिन से घर से लापता था तथा शराब पीकर नाले में गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## सार-समाचार

### गृह राज्य मंत्री से मुलाकात की



गृहराज्य मंत्री से शिष्टाचार भेंट करते युवा मोर्चा कार्यकर्ता।

**गंगापुर सिटी ।** भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जयपुर में युवा मोर्चा के युवा नेता नागेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान के यशस्वी गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम से शिष्टाचार भेंट कि साथ ही गृह राज्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंटकर उन्हें जन्मदिवस कि शुभकामनाओं के साथ उनका अभिनन्दन सत्कार किया। इस दौरान गृह राज्यमंत्री को गंगापुर सिटी की वर्तमान कानून व्यवस्था व प्रशासनिक अधिकारियों कि कार्यकर्ताओ के प्रति चल रही उदासीन व्यवहार हेतु भी चर्चा की। इस दौरान गृह राज्यमंत्री ने इस विषय पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द इस विषय पर संज्ञान लेकर कार्यवाही करने हेतु सभी कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा के युवा नेता नागेश कुमार शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता लोकेश चतुर्वेदी, खेमराज चौहान, शुभम शर्मा, समन्थिनी चतुर्वेदी पुत्रवधु ललित किशोर चतुर्वेदी, हर्षित शर्मा, गणेश दत्त बन्धु, नीरज शर्मा समेत अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### न्यौंठा गांव में बाबू महाराज मेला शुरु

**नदबई।** श्री बाबू बाबा मेला कमेटी तथा सर्व समाज की ओर से गांव न्यौंठा स्थित श्री बाबू बाबा मन्दिर पर बुधवार को कलश यात्रा,दीपयज्ञ,महाआरती एवं 71 देवी-देवताओं के जयकारे के साथ दो दिवसीय लोकदेवता श्री बाबू महाराज का मेला शुरू हो गया। जिसमें गांव न्यौंठा सहित आसपास के कई गांवों की महिलाएं सिर पर कलश धारण कर मंगलगीत गाती और पुरूष व बच्चे हाथ में भगवा ध्वज कर नाचते-कूदते हुए देवी-देवताओं के जयकारे लगाते चल रहे थे। ये यात्रा बाबू बाबा मन्दिर से शुरू हुई,जो गांव के प्रमुख रास्ता और परिक्रमा से होकर दुबारा मन्दिर पहुंची। जहां श्रद्वालु एवं मेला कमेटी ने पूजा-अर्चना की। मेला कमेटी के अध्यक्ष मास्टर पुरूषेत्तम लाल व लखन पाठक ने बताया कि 4 सितम्बर से गांव न्यौंठा में दो दिवसीय श्री बाबू बाबा का मेला कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया। पहले दिन खेलकूद प्रतियोगिता के तहत लम्बीकूद व गोला फेंक तथा महा दीपयज्ञ,महाआरती एवं प्रसादी वितरण आदि कार्यक्रम हुए। 5 सितम्बर गुरूवार को बाबू बाबा का मुख्य मेला लगेंगा। सुबह 7 बजे पताका फहराई जाऐंगी। जिसके बाद 56 पकवान व फूल बंगला दर्शन,आरती, सुबह 8 बजे से देर सायं तक अन्नकूट प्रसादी,रज वितरण और सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक हरियाणा की रागनी गायन,सम्मान समारोह,पुरूस्कार वितरण आदि कार्यक्रम होंगे। जिस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम एवं विशिष्ठ अतिथि क्षेत्रिय विधायक कुं.जगत सिंह,उप प्रधान भूपेन्द्र सिंह,पूर्व जिला प्रमुख राजवीर सिंह,दौलत सिंह फौजदार,उद्योगपति शक्ति सिंह पथैना,शिक्षाविद्व अजय कटारा,उद्योगपति चंचल जिन्दल आदि होंगे। गांव न्यौंठा निवासी प्रहलादी गुर्जर, भंवरीदेवी, कमलेश गुर्जर, अमरावती, राजकुमारी,सतीश पालीवाल पीली पाठक,रामकिसन गुर्जर,लक्ष्मणप्रसाद सैनी, राधेलाल गुर्जर, दौलतराम, सुमरन गुर्जर आदि का विशेष योगदान है।

### विधायक ने लिखा जिला कलेक्टर को पत्र

**कामां ।** कामां की लोकप्रिय विधायक नोक्षम चौधरी ने कामां के ऐतिहासिक आन बान शान के प्रतिक नगर पालिका कामां द्वारा सात दिवसीय कार्यक्रमों के अन्तर्गत भोजन थाली कुश्ती दंगल की प्रशासनिक स्वीकृति दिए जाने को लेकर जिला कलेक्टर डीग को जम्मू-कश्मीर से विधानसभा चुनावों में एक कार्यक्रम को बीच में रद्द करते हुए पत्र लिखा। पत्र लिखते हुए जिला कलेक्टर से आग्रह किया कि सदियों से चला आ रहा आन बान शान का प्रतिक कामां भोजन थाली कुश्ती दंगल हर किमत पर होना चाहिए। भोजन थाली कुश्ती दंगल क्षेत्र की जन भावना से जुड़ा हुआ हैं एवं सदियों से चला आ रहा हैं, जो हिन्दू-मुस्लिम भाईचारें व आमजन ए की आस्था का प्रतीक हैं। इस कुश्ती दंगल मेले से स्थानीय प्रतिभाओं को पहलवानी के क्षेत्र में प्रोत्साहन मिलता हैं कामां का भोजन थाली कुश्ती दंगल मेलें के प्रति क्षेत्र के सभी समाजों के प्रतिष्ठित लोगों एवं आस-पास के प्रदेशों के लोगों की भावना जुडी हुई हैं। सभी की जन भावनाओं दृष्टिगत रखते हुए इस उत्तरी भारत के प्रसिद्ध कामां भोजन थाली कुश्ती दंगल मेले की प्रशासनिक स्वीकृति के लिए पूर्व में भी मौखिक निवेदन किया जा चुका हैं।

### बैठक का आयोजन आज से

**करौली ( नि.स. ) ।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चैधरी ने एक आदेश जारी कर बताया है कि जिले में मानसून सत्र 2024 के दौरान जिले के अनेक स्थानों पर अत्यधिक वर्षा से बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने के कारण सार्वजनिक परिसम्पत्तियों की आधारभूत संरचना की क्षित से जनजीवन बाधित न रहे, इस हेतू उनका अस्थाई पुनरूत्थान राज्य आपदा मोचन निधि से किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस हेतु जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्षता में 5 सितम्बर को सांय 4:00 बजे कलेक्ट्रट सभागार में आयोजित की जावेगी।

## आंगनवाडी कार्यकर्ताओ की बैठक ली

**गंगापुर सिटी ।** बुधवार को पंचायत समिति सभागार में आंकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत 7वां पोषण माह कार्यक्रम के अंतर्गत एनीमिया एवं पूरक पोषण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन अर्पण सेवा संस्थान व समेकित महिला एवं बाल विकास विभाग गंगापुर सिटी के सहयोग से किया गया।

इस दौरान नीति आयोग आंकांक्षी ब्लॉक प्रभारी यशश्वी अग्रवाल द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसमें पोषण माह की उपयोगिता बताते हुए पोषण ट्रैकर आंकडों की वर्तमान स्थिति के बारे मे बताया गया। साथ ही छूटे हुए लाभार्थीयों को ट्रैकर पर अपडेट करने के बारे में बताया गया। अर्पण सेवा संस्थान से सोशल एक्सपर्ट बाबू लाल मीना द्वारा संस्था का व एलटीआईमाइण्डट्री कार्यक्रम का परिचय देते हुए एनीमिया व पूरक पोषण आहार के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जिसमें एनीमिया के लक्षण, इलाज व संतुलित पोषण के बारे में बताया गया साथ ही आंगनवाडी कार्यकर्ताओं द्वारा सामाजिक जुडाव को और बेहतर बनाने और इस दौरान आने वाली बाधाओं के बारे में मिलकर समस्या समाधान की बात कही गई।

सीडीपीओ गंगापुर सिटी देशराज द्वारा पूरक पोषाहार का समय पर वितरण व पोषण माह मे आयोजित होने सभी गतिविधियों का सुचारु संचालन व बेहतर प्रबंधन के बारे मे बताया गया। इस दौरान विभाग से महिला पर्यवेक्षक कविता अग्रवाल, मधु, बबिता, मीना देवी व सबंधित क्षेत्र की आंगनवाडी कार्यकर्ताओं की भागीदारी रही।

## महात्मा गाँधी विद्यालय में जागरूकता शिविर का आयोजित

**सवाईमाधोपुर ।** यूनिसेफ करौली द्वारा महात्मा गाँधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करौली में बालश्रम, बाल विवाह एवं अन्य बाल संरक्षण के मुद्दों को लेकर

> ■ जागरूकता शिविर में बाल अधिकारों के साथ बाल विवाह, बाल तस्करी, बाल श्रम मुक्त करौली अभियान की जानकारी दी



महात्मा गाँधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करौली में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। एक्शनएड-यूनिसेफ करौली जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया है कि जागरूकता शिविर में बाल अधिकारों के साथ बाल विवाह, बाल तस्करी, बाल श्रम मुक्त करौली अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि बाल विवाह के शारीरिक, मानसिक दुष्प्रभावों समेत इससे जुड़े अधिनियम, कानूनी पक्ष, बाल विवाह के साथ जुड़े मानव तस्करी के पहलु आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। जागरूकता कार्यक्रम में विशेष रूप से किशोर व किशोरियां, जो बाल विवाह के संभावित शिकार हो सकते हैं, उनके साथ बाल विवाह से जुडे अहम बिंदुओं पर चर्चा की गई। जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को बाल विवाह से इतर, बाल दुर्व्यापार, बाल श्रम, बाल यौन शोषण आदि के बारे में बताया गया। मौके पर छात्रों व शिक्षकों से भी बाल विवाह, बाल तस्करी, बाल मजदूरी ना कराएंगे को लेकर शपथ दिलाई गई। इस दौरान छात्र छात्राओं को बताया कि कहीं भी बाल विवाह, बाल श्रम जैसा कानूनी अपराध हो रहा हो तो तुरंत जिला बाल प्रतिषेध अधिकारी अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति, पुलिस 100 या 112 हेल्पलाइन नंबर, महिला हेल्पलाइन नंबर 181 और चाइल्ड लाइन 1098 में जानकारी दें।

## जलभराव से हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने के लिए दिया ज्ञापन

**हिण्डौन सिटी।** हिण्डौन के माली का पुरा में जलभराव के कारण फसल एवं मकानों में हुए नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने एवं खारी नाले के बहाव क्षेत्र में किये जा रहे अतिक्रमण हटवाने की मांग को लेकर भाजपा नेता दिनेश सैनी के नेत्रत्व में उप जिला कलेक्टर हिंडोन को ज्ञापन दिया गया।ज्ञापन में लिखा कि गत दिनों हिण्डौन शहर में हुए जलभराव के कारण खारी नाले के बहाव क्षेत्र में अवरोध होने के कारण नाले का पानी लोगों के घरों एवं खेतों में खड़ी फसल में घुस गया ।

जिससे फसल पूर्णतया खराब हो गई एवं बस्ती के अधिकांश घरो में तेज बहाव से पानी प्रवेश कर जाने के कारण कई कच्चे घर गिर गये हैं और घरों में रखा सामान खराब हो गया। कुछ पक्के मकानों में भी दरारे आ जाने के कारण ये मकान रहने योग्य नहीं रहे है। खारी नाले की सफाई के दौरान जो मलबा निकाला गया है वह भी नाले के किनारे ही डाल दिया गया है जिससे कारण कुछ घरों के लिये आने जाने का रास्ता भी अवरुद्ध हो गया है।

इसके अलावा कुछ दंबगों द्वारा ढाणी के लिये बयाना रोड तक आने जाने का रास्ता जो कि खारी नाले के बहाव क्षेत्र है को अवरुद्ध करते हुए पक्के बाऊण्ड्रीवाल बनाकर अतिक्रमण कर लिया है। उन्होंने नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने और अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

इस दौरान दिनेश चन्द सैनी नेता प्रतिपक्ष, जगदीश सैनी, मलखान सैनी, संतोष कुमार, सचिन, लोकेश, रतनसिंह, विजेंदर, ओमप्रकाश, भूपेंद्र सैनी, वेदराम सैनी, लाखनसिंह, विजेंद्र सैनी, योगेश तिवारी, धूपसिंह, धारासिंह, देवेंद्र, नेनुआ आदि मौजूद रहे।

## प्रवेश के लिए आवेदन 6 से

**करौली ( नि.स. )।** राजकीय महाविद्यालय करौली के प्राचार्य ने बताया कि एनसीसी प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले छात्रों को सूचित किया जाता है कि वे भर्ती प्रकिया के लिए 6 सितम्बर को राजकीय महाविद्यालय करौली के ग्राउण्ड में प्रातः 08 बजे अपने सभी मुल दस्तावेज जैसे परिचय पत्र, आवेदन पत्र जमा कराने की रसीद टोकन, 10 वीं व 12 वीं की मूल अंक तालिका, यदि छात्र ने पहले से ही एनसीसी 'ए' प्रमाण पत्र परीक्षा पास की हो या कोई राज्य स्तरीय खेल प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो, तो उन्हें भी अपने मूल दस्तावेजों के साथ लेकर उपस्थित हो। उन्होंने बताया कि दस्तावेजों के अभाव में छात्र को एनसीसी भर्ती में भाग लेने से वंचित रहना पडेगा।

## नगर परिषद के वार्ड 8 व 29 के उपचुनाव आज

**गंगापुर सिटी ।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगर परिषद गंगापुर सिटी के वार्ड संख्या 08 एवं 29 में रिक्तियों को भरने हेतु 5 सितम्बर आज प्रातः ०7 बजे से सांय 05 बजे तक निर्धारित मतदान केन्द्रों पर मतदान होगा। रिटर्निंग अधिकारी अनूप सिंह एसडीएम गंगापुर सिटी ने बताया कि वार्ड संख्या 8 में मतदान हेतु सेठ हटीलाराम राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गंगापुर सिटी के कमरा नम्बर 1 व 2 एवं वार्ड संख्या 29 में मतदान हेतु माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर केशव नगर वैद्य कॉलोनी गंगापुर सिटी के कमरा नम्बर 1 व 2 में मतदान बूथ स्थापित किया गया है। उप चुनाव हेतु बुधवार को मतदान दलों को पंचायत समिति सभागार गंगापुर सिटी में प्रशिक्षण देकर आवश्यक सामग्री के साथ मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया । मतदान के दौरान आवश्यक पुलिस जाब्ता मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहेगा। उक्त वार्डो के मतदाता मतदान केन्द्रों पर पहुँचकर पहचान पत्र या निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित वैकल्पिक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकते है। मतदान के सुचारु संपादन हेतु तहसीलदार गंगापुर सिटी को जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। मतदान हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाऍ पूर्ण कर ली गई है। मतगणना 6 सितम्बर को प्रातः 09 बजे से पंचायत समिति सभागार गंगापुर सिटी में होगी।

## बॉर्न हैल्थी कार्यक्रम के अंतर्गत एएनएम का प्रशिक्षण आयोजित




जिले में स्वास्थ्य केन्द्रों पर एएनसी कार्यक्रम का संचालन किया गया।

**भरतपुर।** जिले में स्वास्थ्य केन्द्रों पर एएनसी सेवाओं का सुदृढीकरण, विशेषकर गर्भावस्था के दौरान होने वाले संक्रमणों/जटिलाओं की शीघ्र पहचान व ईलाज के लिए ''बॉर्न हैल्थी'' कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए जिला स्तर पर एएनएम के तीन दिवसीय प्रथम बैच का प्रशिक्षण सम्पन्न किया गया। इसका प्रमुख उद्देष्य उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की शीघ्र पहचान व प्रबंधन कर मातृ एवं शिशु दर में कमी लाना है। इससे आरसीएच कार्यक्रम के अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धियों में अपेक्षित सुधार परिलक्षित होगा। प्रशिक्षण का आयोजन डवलपमेंट पार्टनर जपाइगो द्वारा किया गया। मास्टर प्रशिक्षक के रूप में दीपेंद्र कुमार नर्सिंग ऑफिसर, लोकेंद्र सिंह नर्सिंग ऑफिसर, जयपाल तिवारी प्रोग्राम ऑफिसर जपाईगो, अजय प्रकाश सीनियर प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर जपाईगो ने प्रेजेंटेशन, मॉड्यूल एवं कार्य कौशल के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में खंड सेवर, नदबई, रूपवास एवं शहरी एएनएम, सीएचओ ने भाग लिया।

जपाईगो प्रतिनिधि जयपाल ने बताया कि बॉर्न हैल्थी कार्यक्रम वर्ष 2017 से 2022 तक प्रदेश के चार जिलों बूंदी, करौली, धौलपुर व उदयपुर में पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया था कार्यक्रम की सफलता एवं प्राप्त हुए अच्छे परिणामों को ध्यान में रखते हुए द्वितीय चरण में वर्ष 2028 तक यह कार्यक्रम 9 जिलों भरतपुर, अलवर, धौलपुर, बांसवाडा, डूंगरपुर, बीकानेर, चुरू, पाली एवं ब्यावर में सं इस प्रकार होगा संचालित प्रशिक्षक जयपाल ने बताया कि सर्वप्रथम एएनसी सेवाएं प्रदान करने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं यथा एएनएम, एलएचवी, सीएचओ, मेडिकल आफिसर आदि की कार्यदक्षता में वृद्धि हेतु प्रषिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत समस्त स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की कार्यदक्षता का आंकलन किया जाएगा। इसके पश्चात चयनित चिकित्सा संस्थाओं पर प्रसवपूर्व सामूहिक देखभाल के तहत गर्भवती महिलाओं को सामूहिक तौर पर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श सेवायें एवं आपसी विचार-विमर्श से जानकारी साझा की जायेगी।

सामूहिक देखभाल के दौरान प्रसवकाल में पोषण का विशेष ध्यान रखने पर चर्चा की जाएगी तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पोषक खाद्य सामग्री का उपयोग करने की जानकारी भी दी जाएगी। कार्यक्रम के अन्तर्गत एमसीएचएन दिवस पर गुणवत्तापूर्ण एएनसी सेवायें प्रदान किये जाने हेतु आवष्यक संसाधनों जैसे एचआईवी सिफलिस ड्यूल किट, एएसबी की जांच हेतु मल्टीयूरिस्टीक, गर्भकालीन मधुमेह की जांच हेतु ओजीटीटी इत्यादि की आवष्यकतानुसार उपलब्धता सुनिष्चित की जाएगी व सही प्रकार से उपयोग में लेकर रिकॉर्ड संधारित करने तथा जांचों के आधार पर परिलक्षित हुई जटिलताओं के प्रबंधन हेतु आवष्यक कार्यवाही की जाएगी।

कार्यक्रम के अन्तर्गत चयनित स्वास्थ्य केन्द्रों पर एएनसी सेवाओं की सूचना, रियल टाईम पीसीटीएस ऐप पर दर्ज किए जाने हेतु प्रत्येक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सुपरवाईजरी स्टाफ एवं चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को प्रषिक्षण दिया जा रहा है।

## ग्रामीणों को किया जागरूक

**करौली( नि.स. )।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर चैनपुर के चिकित्सक डॉ रमण स्वरूप लवानिया ने बुधवार को समय सरपंच के गोदाम पर ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारियां देते हुए स्वस्थ जीवन शैली पर एक स्वास्थ्य चर्चा कार्यक्रम रखा और बताया कि पहला सुख निरोगी काया है इसलिए सबसे पहले स्वस्थ रहना अत्यावश्यक है इसके लिए अपनी दिनचर्या सेट करनी चाहिए अपना खान पान निर्धारित करना चाहिए क्योंकि सभी बीमारी पेट की खराबी से होती है जिनकी लाइफ स्टाइल गडबड होती है उनको शारीरिक और मानसिक दोनों रोगों से सदा जूझना पडता है अगर स्वस्थ हो तो ही अपने लक्ष्य को हासिल कर सकते हो अपने जीवन को खुशहाल और स्वस्थ रखने के नियमित योग प्राणायाम जरूर करना चाहिए और भोजन को अच्छी तरह से सोच विचार करके खाना चाहिए जो लोग जिव्हा लोलुप होते हैं वो अपने स्वस्थ के लिए लापरवाह होते हैं क्योंकि उम्र, ऋतु, दिन ,रात और बीमारी के हिसाब से चिकित्सक की सलाह से समीक्षा करके खान पान ही लाभदायक होता है। इस मौके पर योग प्रशिक्षक अंकिता मीना और रघुराज सिंह राजपूत ने सभी को ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, कमर संचालन,ताड़ासन, वृक्ष आसन और सूर्य नमस्कार कराया आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ लवानिया आसन प्राणायाम के लाभ बताते हुए सभी को सूर्य नमस्कार नियमित जरूर करने के लिए प्रेरित किया।

## संत का श्राप भी वरदान बन जाता है : संत मुरलीधर जी महाराज




रामकथा के चतुर्थ दिवस में मुरलीधर जी ने राजा दशरथ के चारो पुत्रों की लीला का वर्णन किया।

**सवाईमाधोपुर ।** रणथंबोर और त्रिनेत्र गणेश जी के पावन सानिध्य में पूज्य संत श्री मुरलीधर जी महाराज के मुखारविंद से आयोजित नव दिवसीय रामकथा के चतुर्थ दिवस में सन्त श्री मुरलीधर जी महाराज ने कहा का राजा दशरथ के चारो पुत्रों का नामकरण किया और बाल लीला का वर्णन करते हुए , अहिल्या उद्धार के प्रसंग को सुनाते वक्त संत श्री मुरलीधर जी महाराज ने कहा कि कभी-कभी संत का श्राप भी वरदान बन जाता है जब विश्वामित्र प्रभु श्री राम और लक्ष्मण को लेकर जनकपुर जा रहे थे तो रास्ते में एक विरान आश्रम देखा जब प्रभु राम ने गुरु विश्वामित्र से इसके बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि गौतम ऋषि का आश्रम है उनके श्राप से उनकी पत्नी अहिल्या पत्थर बनी हुई है और जब भगवान ने उस पत्थर से आंसू गिरते हुए देखे तो उन्होंने पांव से उस शीला को छुआ और वह शीला नारी बन गई और रोते रोते भगवान से कहने लगी हे भगवान यदि मेरे पति मुझे श्राप नहीं देते तो मैं आंखों से आपको देख नहीं देख पाती, इसके पश्चात भगवान ने अहिल्या से कुछ मांगने को कहा तो इस पर अहहिल्या बोली मैं आपसे क्या मांग सकती हूं मैं तो इतना ही मांगती हूं कि आपके चरणों की रज सदैव मिलती रहे इस अवसर पर इस मार्मिक प्रसंगों को सुनकर पंडाल में उपस्थित अनेक श्रोताओं की आंखें भर आई ।

इससे पूर्व मानस पूजन के साथ आरंभ हुई इस राम कथा में पूज्य महाराज जी ने अवध के लोगों के राम अवतरण के पश्चात उत्सव मनाने भगवान शंकर के द्वारा प्रभु श्री राम के शिशु रूप के दर्शन करने के प्रसंग को सारगर्भित रूप में श्रोताओं के समक्ष रखा।